हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 5 अप्रैल 2026

06 आठनेर-मुलताई में ओलावृष्टि की कुदृष्टि



09 चिलचिलाती गर्मी के बीच बारिश ने घोल दी फिजाओं...





## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने वाले 12 व्यक्तियों पर एफआईआर

**नर्मदापुरम।** जिले में नरवाई (पराली) जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध के बावजूद ग्राम ठूठा-दहलवाडा, तहसील पिपरिया में नरवाई जलाने के मामले पर तथा प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 12 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं 62,500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही प्रक्रिया प्रस्तावित की गई है।

### स्कूल चलें अभियान" के तहत माध्यमिक शाला बांद्राभान में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर स्कूल चलें अभियान" के अंतर्गत समीपस्थ ग्राम बांद्राभान स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कोषालय अधिकारी नितेश उइके द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### सड़क पर खड़े वाहनों से टकराने की वजह से सप्ताह में दूसरी घटना

# खड़े ट्रक में जा घुसी कार, मौके पर दो लोगों की हुई मौत, एक गंभीर घायल

हाईवे के किनारे खड़े ट्रक और भारी वाहन खतरा बने हुए है। क्षेत्र में एक सप्ताह में वाहनों की यह दूसरी घटना घटी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी-नर्मदापुरम

जिले में एक फिर दुर्घटनाएं बढ़ने लगी है। गत दिनो एक सड़क दुर्घटना हुई थी रात इटारसी-पथरोटा मार्ग पर हुए एक दर्दनाक हादसे में सीपीई में कार्यरत एक कर्मचारी की जान चली गई। वहीं शनिवार को भी एक हादसा हुआ जिसमें एक तेज रफ्तार कार एक खड़े हुए ट्रक में जा घुसी। घटना में दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



#### एअर बैग खुले परंतु नहीं टल सका हादसा

बताया जा रहा है कि वाहन में सवार लोग मुलताई से भोपाल की ओर जा रहे थे और उनकी गाड़ी की स्पीड इतनी तेज थी कि दुर्घटना के बाद एयर बैग भी खुले लेकिन स्पीड इतनी तेज थी कि एयरबैग भी नहीं बचा सके । बताया जाता है कि वाहन की स्पीड 120-130 के करीब रही होगी। ऐसा भी अनुमान है कि सुबह-सुबह ड्रायवर को नींद का झोंका आया होगा, और वाहन खड़े ट्राले में जाकर टकरा गया।

#### ट्रक से जा टकराई कार

नेशनल हाईवे-46 पर निटाया के पास शनिवार तड़के सुबह करीब 4:00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार तीन लोगों में से दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस टीम तत्काल मौके पर पहुची। एम्बुलेंस के ईएमटी विश्राम अहिरवार ने मौके पर ही घायल को प्राथमिक उपचार देकर उसकी स्थिति को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद पायलट प्रशांत ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को त्वरित रूप से जिला अस्पताल नर्मदापुरम पहुँचाया, जहां चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं।

#### पुलिस जांच में जुटी

एम्बुलेंस के ईएमटी के अनुसार मौके पर एक साथ एक से अधिक एम्बुलेंस पहुंच चुकी थी। एम्बुलेंस से वाहन चालक रूपेश निवासी मुलताई को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक ज्ञानसिंह ठाकुर, निवासी मासौद जिला बैतूल और विशाल वाडगुरे वर्धा महाराष्ट्र हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों का चकित्सालय में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों का मर्ग कायम कर लिया है।

## अवैध तस्करी करते आरोपी से पुलिस ने 60 लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर में अवैध शराब का स्टॉक एवं तस्करी की लगातार शिकायतों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। शनिवार को पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर बेची जा रही करीब 59 लीटर शराब जब्त की है। वहीं आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के खिलाफ कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं अनुविभागीय (पुलिस) पिपरिया मोहित यादव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बनखेडी निरीक्षक विजय सनस द्वारा टीम गठित कर जगह-जगह पर अपने मुखबिर को मुश्तैद किया गया था।

मुखबिर सूचना पर आरोपी सूरज सिंह पटेल पिता खुमान सिंह पटेल जाति किरार उम्र 58 साल निवासी ग्राम मछेराखुर्द थाना बनखेडी के द्वारा स्टाक की गई है। उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध शराब को इधर-उधर करने के दौरान मछेरा खुर्द से मनकवाडा के बीच थाना बनखेडी पुलिस टीम ने दबिश देकर पकड़ा। आरोपी सूरज सिंह पटेल के कब्जे से अंग्रेजी शराब 300 क्वार्ट एवं देशी शराब 30 क्वार्टर कुल 330 क्वार्टर शब कुल 59 बल्क लीटर अवैध शराब व एक मोटर सायकल जप्त की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विजय सनस, उनि. मनमोहन सिंह ठाकुर, आर. अभिषेक पटेल, आर. आकाश रघुवंशी, सैनिक मनीष पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस ने जुआ फड़ पर दी दबिश, 92 हजार नगद और मोबाइल जब्त

### खेत में चल रहे बड़े जुआ फड़ में तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा, प्रकरण भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

जिला नर्मदापुरम में जुआरियों और सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिवनी मालवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम दतवासा के पास एक खेत में चल रहे बड़े जुआ फड़ पर रेड मारते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है, जबकि पांच अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुधाकर बारस्कर को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में स्थान बदल-बदल कर शातिर जुआरियों द्वारा जुआ खिलाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए 2 अप्रैल की रात्रि में एक विशेष टीम का गठन कर रवाना किया। पुलिस टीम ने ग्राम दतवासा के पास एक खेत में बनी टपरिया की घेराबंदी की, जहां लाइट के उजाले में हार-जीत का दांव लगाया जा रहा था।

#### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

मौके से पुलिस ने तीन आदतन जुआरियों अशोक यादव 45 वर्ष, निवासी धरमकुंडी, सजन मुकाती 42 वर्ष, निवासी नंदगांव, थाना भेरूंदा जिला सीहोर और राकेश गौर 52 वर्ष, निवासी ग्राम आवरी, थाना डोलरिया को पकड़ा है।

#### पांच आरोपी फरार, तलाश जारी

पुलिस की आहट पाते ही मौके से मुकेश राठौर सिवनी मालवा, वीरेंद्र राठौर नेमावर, दिलीप उर्फ भूरू चौतलाय, गुड्डु इटारसी और संजय मालवीय जमानी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस द्वारा इन फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 92,300 रुपये नगद, ताश की गड्डी और 03 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के साथ प्रधान आरक्षक प्रीतम बाबरिया, आरक्षक वीरेंद्र पंवार, केतन, मुरारी गौर और राहुल सोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा जुआं पर कार्रवाई की जा रही है।

### नगरीय निकायों को हर मानक पर बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश

**नर्मदापुरम।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने नर्मदापुरम संभाग की समस्त निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए जाने के लिए तत्परता से कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा की संभाग के समस्त निकायों के अंतर्गत क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोपरि रखी जाए।आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देशित किया कि सभी निकाय अपनी पूरी क्षमता के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जुटें।

## वार्ड 4 में नपाध्यक्ष ने सड़क की दी सौगात वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

वार्ड क्रमांक 04 में शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा पूजन कर सीसी रोड का कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजकुमारी पूनम मेषकर, भाजपा नेत्री शहीन अली, मधु स्वामी, नानकराम कदम, रिंकू जायसवाल, ओपी बड़गूजर, हरिशंकर वरूण, मुकेश यादव, लोकेश माधव सहित वार्डवासी नागरिकगण मौजूद रहे। नपाध्यक्ष यादव ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम का है सीसी रोड निर्माण में तराई का विशेष ध्यान रखें। करीब 22 लाख से अधिक की राशि से कायाकल्प रोड से दुर्गा मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य नपाध्यक्ष यादव द्वारा कार्य प्रारंभ कराया गया है। यह सड़क नगरीय निकाय मद से बनाई जा



रही है। सड़क के बनने से यहां होने वाली गंदगी से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा। यह सड़क बहु प्रतीक्षित थी। कार्य प्रारंभ करने पर स्थानीय वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और वार्ड पार्षद राजकुमारी पूनम मेषकर का आभार माना। इस दौरान वार्डवासियों ने पुष्पमाला से उनका जोरदार स्वागत किया।

## बंगलिया में पिछले 25 साल के बाद बनी सड़क वार्डवासियों ने अध्यक्ष व पार्षद का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

वार्ड क्रमांक 8 उत्तरी बंगलिया में करीब 25 साल बाद सड़क व नाली निर्माण होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से खराब सड़क और जल निकासी की समस्या से परेशान रहवासियों को अब राहत मिली है। पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया के प्रयासों से केसर बहनजी के मकान से नायक जी के मकान तक सड़क और नाली निर्माण कार्य पूरा हुआ है।

शुक्रवार को सड़क निर्माण पूर्ण होने पर क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया एवं पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया के प्रति आभार



व्यक्त किया। इस दौरान ललित दीक्षित, विनोद योगी, साधना योगी सहित अन्य रहवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का पुष्पमाला, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया का भी नागरिकों ने सम्मान किया।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कहा कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब सड़क और नाली बनने से सभी को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बारिश के समय जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान क्षेत्रवासियों ने पूरा सहयोग किया, जिसके कारण सड़क का चौड़ीकरण भी संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## होम साइंस कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में शनिवार केके वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष संध्या थापक, विधायक प्रतिनिधि नैना सोनी एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन मौजूद रही।

पुरस्कार वितरण में के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं, एनसीसी एवं एनएसएस में राष्ट्रीय राज्य स्तर पर कैंप में सहभागिता, खेल गतिविधिया को पुरस्कृत किया गया।

## वार्ड-वार्ड चलो अभियानः वार्ड 33 में पानी की समस्या का जायसवाल ने किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा मयूर जायसवाल के नेतृत्व में निकाला जा रहा है वार्ड वार्ड चलो अभियान शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक 33 में जारी रहा। इस दौरान जनता को आ रही समस्या को जानते हुए उनका तुरंत निराकरण करने का कार्य किया गया।





वार्ड में जनता द्वारा यह बताया गया कि हमारे यहां पानी की अत्यधिक समस्या आ रही है एवं मोटर जली हुई है पानी के लिए पूरे क्षेत्र में त्राहिमाम मचा हुआ था। इस समस्या को देखते हुए मयूर जायसवाल द्वारा तुरंत नपा सीएमओ से फोन पर चर्चा की गई एवं तीन टैंकरों की तुरंत व्यवस्था करवाई गई। इसके साथ ही जो मोटर जली हुई थी, उसे भी तुरंत सुधार कार्य करवाया गया। जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। आमजन के द्वारा इस अभियान को बेहद सराहा गया एवं वार्ड में आ रही अन्य समस्याओं शिकायत पत्र के माध्यम से दर्ज किया गया। जिन्हें जल्दी निराकरण करने की बात करी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, विक्रमादित्य तिवारी, प्रणीत मिश्रा, प्रणय मिश्रा, लक्ष्य जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री माना आभार

## जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन के उन्नयन की हुई स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सांसद चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन में 22 किलोमीटर लंबे टाइगर कॉरिडोर को 4-लेन में उन्नत करने हेतु लगभग 758 करोड़ रुपये की स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र कृषि एवं खनिज संपदा से समृद्ध है, और इस परियोजना से माल परिवहन सुगम होगा, किसानों को मंडियों





**खास बातें**

- 11 विशेष अंडरपास एवं ओवरपास का निर्माण किया जाएगा

तक पहुंच में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय व्यापार को नई गति प्राप्त होगी। साथ ही, सड़क सुरक्षा में सुधार होगा और यात्रा समय में कमी आएगी।

सांसद चौधरी ने यह भी उल्लेख किया कि परियोजना में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए 11 विशेष अंडरपास एवं ओवरपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने पर पूरा ग्वालियर-बैतूल कॉरिडोर 4-लेन हाईवे में परिवर्तित हो जाएगा, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी, पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को व्यापक बढ़ावा मिलेगा। सांसद चौधरी ने पुनः प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्रवासियों के लिए विकास का नया अध्याय सिद्ध होगी।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव

**इटारसी।** नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समारोह वर्ष 2026 का आयोजन 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक भव्य रूप से किया जाएगा। इस संबंध में जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे सप्ताह विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत 14 अप्रैल मंगलवार को श्री परशुराम भवन में कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता तथा सायं 6 बजे से संगीत प्रतियोगिता के साथ होगी। 15 अप्रैल बुधवार को महिला मंडल एवं युवती दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस, फैंसी ड्रेस एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं सायं 7 बजे से आयोजित होंगी। 16 अप्रैल गुरुवार को एकल एवं समूह नृत्य तथा थीम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 17 अप्रैल शुक्रवार को खेडापति माता मंदिर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात श्री परशुराम भवन में आनंद मेला आयोजित होगा।

## पुराने बस स्टैंड पर पेयजल का संकट, 6 दिन से बंद बोर, यात्री प्यासे, पैसे से बुझा रहे प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही शहर के पुराने बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पीने के पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बस स्टैंड परिसर में स्थित पानी की टंकी पिछले 6 दिनों से सूखी पड़ी है, जिससे यहां आने वाले सैकड़ों यात्री बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड पर पेयजल आपूर्ति के लिए लगा हुआ बोर पिछले करीब एक सप्ताह से खराब है। बोरिंग में आई तकनीकी खराबी के कारण टंकी में पानी नहीं भर पा रहा है। आलम यह है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले यात्री बस से उतरते ही पानी की तलाश में यहां-वहां भटकते नजर आते हैं। विशेषकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को इस चिलचिलाती धूप में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### यात्रियों की जेब पर पड़ रहा असर

ठंडा पानी तो दूर, यात्रियों को अब अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूरी में बाजार से महंगी बोतलबंद पानी खरीदनी पड़ रही है। स्थानीय दुकानदारों और बस ऑपरेटरों का कहना है कि प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बोरिंग सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

यात्रियों और बस स्टैंड के कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए इस गंभीर समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। यदि बोर सुधारने में समय लग रहा है, तो वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर वहां टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

### सोहागपुर में शनिवार शाम हुई बारिश

**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र में शनिवार दोपहर यकायक ही बादल आसमान में छा गए तथा बारिश का मौसम बन गया। दोपहर तीन बजे के बाद बारिश भी शुरू हो गई। लेकिन कुछ देर बाद बारिश बंद होने पर बहुत तेज उमस का मौसम बन गया। नागरिकों के अनुसार सोहागपुर क्षेत्र के शहरी क्षेत्र में तो कम बारिश हुई, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अधिक बारिश हुई। ब्लॉक के पश्चिमी हिस्सों में बारिश के दौरान ओले भी गिरे। साथ ही काफी देर तक बारिश भी होती रही। लेकिन शाम लगभग पांच बजे के बाद बारिश थम गई। जिसके चलते क्षेत्र में तीव्र उमस का मौसम बन गया। शाम होते-होते नागरिक अति उमस की स्थिति के चलते बेहद परेशान नजर आए। इस बीच बिजली की भी बार-बार ट्रिपिंग हुई। जिसे लेकर नागरिकों में गुस्सा नजर आया। वहीं बारिश की स्थिति को देखते हुए किसानों में चिंता है कि गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी है। और बरसात की यह सतत स्थिति किसानों के लिए क्षतिकारक हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक की टक्कर से युवती की मौत, युवक घायल

**बैतूल।** बैतूल-नागपुर फोरलेन पर शनिवार दोपहर एक सडक़ हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे ससुन्द्रा चेक पोस्ट के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, अंबाड़ा निवासी 27 वर्षीय अमन गुजरे अपनी बाइक से मुलताई की ओर जा रहे थे। उनके साथ 19 वर्षीय रोशनी (निवासी बानुर खापा) भी बाइक पर सवार थीं। बताया गया है कि रोशनी ने मुलताई जाने के लिए अमन से लिफ्ट ली थी। इसी दौरान, तेज रफ्तार से आ रहे एक आईसर वाहन ने बाइक को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ पर गिर गई। हादसे में युवती रोशनी के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अमन गुजरे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एनएचएआई की एंबुलेंस पहुंची और घायल अमन गुजरे को तत्काल जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया। उन्हें सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### उड़ीसा से गांजा लाने वाला मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**बैतूल।** थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा सप्लाई करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 26-27 मार्च को नेशनल हाईवे स्थित सोना घाटी चौकी के पास कार्रवाई करते हुए एन्जॉय शेवरले वाहन से अवैध मादक पदार्थ गांजा ले जाते हुए रामेश्वर विश्वकर्मा एवं मुकेश जावलकर निवासी झल्लार को गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा उक्त दोनों आरोपियों को पूर्व में ही न्यायालय में पेश किया जा चुका है। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा अहम सुराग जुटाते हुए गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी राहुल पिता लच्छू परते, निवासी खापा खाना, झल्लार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह सब्जी की गाड़ी लेकर उड़ीसा जाता था तथा वापसी में गांजा लाकर अपने साथियों को बिक्री हेतु उपलब्ध कराता था। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक उत्तम मस्तकार, उप निरीक्षक बसंत आहके, आरक्षक अनिरुद्ध, आरक्षक नितिन चौहान, साइबर सैल आरक्षक राजेन्द्र धाड़से, दीपेंद्र सिंह, बलराम राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

### अज्ञात कारणों से महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खेड़ी पुलिस चौकी के ग्राम कनारा में शुक्रवार देर रात 46 वर्षीय महिला ने घर के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। महिला का शव रात करीब 11 से 12 बजे के बीच पानी पीने उठे पति ने फंदे से लटका देखा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की। शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल महिला द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला की पहचान ग्राम कनारा निवासी मिटीया (46) पत्नी फतेह सिंह कवडे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच मृतिका के पति फतेह सिंह पानी पीने के लिए उठे थे। जब वह घर के अंदर पहुंचे तो उन्होंने अपनी पत्नी को साड़ी के फंदे के सहारे बल्ली से लटका हुआ पाया। घटना के समय घर में अन्य परिजन सो रहे थे। पत्नी का शव फंदे पर लटका देख पति ने तत्काल परिजनों को सूचित किया।

## तेज आंधी-बारिश से सब्जी और गेहूं फसल को नुकसान, आमजन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

# आठनेर-मुलताई में ओलावृष्टि की कुदृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आठनेर, मुलताई, घोड़ाडोंगरी सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। आठनेर के आसपास के गांवों में लगभग 20 से 25 मिनट तक तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई। इस दौरान खेतों में चार उंगल तक ओले जम गए, जिससे फसलों को प्रारंभिक तौर पर नुकसान पहुंचा। स्थानीय किसानों के अनुसार, ओलावृष्टि इतनी तीव्र थी कि खड़ी फसलों के दाने जमीन पर बिखर गए। सब्जी की फसलों को भारी क्षति हुई है, खासकर टमाटर सहित अन्य सब्जियां पूरी तरह खराब हो गईं। रामपुर मनीयाखेड़ी रोड के आसपास के कई खेतों में गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई है। इसी दौरान भैंसदेही क्षेत्र में भी हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। बैतूल शहर में भी बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम कुछ समय के लिए ठंडा हो गया।



### बैतूल जिले में तेज हवा, बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने की संभावना बनी हुई है। बैतूल सहित कई इलाकों के लिए 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, अप्रैल के दौरान बैतूल में तापमान सामान्यतः 32 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, बीच-बीच में हल्की बारिश और आंधी के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। आने वाले दिनों में आसमान साफ रहने के साथ गर्मी बढ़ेगी, लेकिन कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है।

### डहुआ सहित कई गांवों में बिछी सफेद चादर, किसान चिंतित

मुलताई क्षेत्र के डहुआ, परमंडल, हिवरा और खेरवानी सहित कई गांवों में शनिवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। लगभग 20 मिनट तक हुई तेज ओलावृष्टि से गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। दोपहर तक मौसम सामान्य था, लेकिन अचानक काले बादल छा गए और तेज बारिश के साथ ओले गिरने लगे। देखते ही देखते गांव में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। किसानों का कहना है कि इस बेमौसम ओलावृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के साथ-साथ कटाई के बाद रखी फसल भी प्रभावित हुई है। तेज ओलों की मार से गेहूं की बालियां झड़ गईं और दानों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा, सब्जी की फसलें भी इस प्राकृतिक आपदा से अछूती नहीं रहीं। टमाटर, मिर्च और अन्य सब्जियां ओलों से खराब हो गई हैं।

## भाजपा सरकार में किसानों के साथ नहीं हो रहा न्याय : किसान कांग्रेस अध्यक्ष गोचरे

### ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कर किसानों को मुआवजा दे सरकार

बैतूल। मुलताई, आठनेर व सातनेर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई तूफानी बारिश, ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अत प्रशासन को ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। अन्यथा किसान कांग्रेस सड.कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। यह बातें जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश गोचरे ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने सरकार से तत्काल इसका सर्वे कर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई में देरी, किसानों को और ज्यादा संकट में डाल देगी। मुलताई सहित आसपास के क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के कारण गेहूं सहित अन्य फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं और कई जगहों पर पूरी तरह खराब हो गई हैं। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार अच्छी उपज से उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी, लेकिन अचानक हुई इस आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोचरे ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रभावित किसानों के खेतों का बिना देरी किए सर्वे कराया जाए। प्रभावित




क्षेत्रों में नुकसान का उचित आंकलन कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए, ताकि किसान आत्महत्या जैसा कदम न उठायें। उन्होंने कहा कि मुआवजा प्रक्रिया में देरी किसानों के लिए और मुश्किलें खड़ी करेगी। पहले से ही गेहूं खरीदी में देरी और कर्ज के दबाव से जूझ रहे किसानों के सामने अब ओलावृष्टि ने नया संकट खड़ा कर दिया है। फसल खराब होने से उनकी आय प्रभावित होगी, जिससे कर्ज चुकाने में भी परेशानी बढ़ेगी। ऐसे में समय पर प्राथमिकता से किसानों को मुआवजा मिलना बेहद जरूरी है। किसानों को समय पर मदद नहीं मिली, तो किसान कांग्रेस सड.कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

### कलेक्टर ने दिए सर्वे के निर्देश, फील्ड पर सर्वे प्रारंभ

**बैतूल।** जिले के मुलताई, आठनेर सहित अन्य क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टि को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि वे तुरंत फील्ड पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुलताई एवं आठनेर में राजस्व अमला मौके पर पहुंच गया है और फसल सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एसडीएम मुलताई एवं भैंसदेही ने जानकारी दी कि राजस्व टीम द्वारा प्रभावित फसलों का आकलन किया जा रहा है, ताकि शासन स्तर पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेड़ला किला बावड़ी में किया श्रमदान



**बैतूल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बैतूल के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण अंतर्गत विकासखंड बैतूल के खेड़ला पंचायत के रावनवाड़ी ग्राम स्थित किला बावड़ी में जनसहयोग से श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय को जल संरक्षण के कार्यों से जोडऩा रहा।

उल्लेखनीय है कि अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत पारंपरिक महत्व के जल स्त्रोतों के पूजन कार्यक्रम के तहत उक्त बावड़ी का विधिवत पूजन किया गया था। इसके पश्चात द्वितीय चरण में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था अंश सेवा समिति , मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के स्टूडेंट्स, परामर्शदाता एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की एवम सम्पूर्ण वाबडी जिसके आसपास झाडियां हो गई थी एवं गंदगी जमा हो गई थी। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर बावड़ी की साफ-सफाई, गाद निकालने तथा जल स्त्रोत के संरक्षण हेतु श्रमदान किया। साथ ही पारंपरिक जल धरोहरों के महत्व को समझते हुए उन्हें सुरक्षित रखने एवं आने वाली पीढ़ी तक इसकी उपयोगिता पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दमुआ और आमला रोड पर लगेंगे स्वागत द्वार, किया भूमिपूजन



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा शहर में दो स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। इसे लेकर शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भूमिपूजन किया। नगरीय सीमा प्रारंभ होने का संकेत हेतु नगर पालिका ने दो स्वागत द्वार लगाने की योजना तैयार की थी। विधिवत प्रक्रिया के बाद इसे स्वीकृति मिली। इसके तहत सारनी-दमुआ स्टेट हाईवे पर गोशाला के समीप व सारनी-आमला मार्ग पर मोरडोंगरी पंचायत की सीमा के समीप उक्त स्वागत द्वार लगाए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद छाया अतुलकर, प्रवीण सोनी, एल्डरमैन विनय मदने, गोलू राजपुत, राजू साहू, उपयंत्री रविंद्र वराठे, समय पाल सुनील सहारे, दिनेश साबले, दीपक अतुलकर सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में उक्त कार्य का भूमिपूजन हुआ। दोनों स्वागत द्वार की लागत लगभग 17 लाख रूपए है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि उक्त द्वार लगने से नगर की सीमा प्रारंभ होने के संकेत आम नागरिकों को मिल सकेंगे। इसके अलावा सौंदर्याकरण भी नजर आएगा। उन्होंने कहा नगर के सौंदर्गीकरण को लेकर अन्य कार्य भी जल्द किए जाएंगे। कार्यक्रम में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## 24 फर्मों के लाइसेंस निलंबित

## तीन समिति प्रबंधक निलंबित, ई प्रणाली से खाद नहीं बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

म.प्र. शासन कृषि विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में अप्रैल 2026 से ई-विकास प्रणाली के तहत ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण प्रारंभ किया गया है। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा लगातार ई विकास प्रणाली से खाद वितरण की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

ई विकास प्रणाली से ही खाद वितरण के सख्त निर्देश के बावजूद भी 01 अप्रैल 2026 के बाद कतिपय समितियों द्वारा बिना ई-टोकन से खाद वितरण किया जाना पाया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी द्वारा तत्काल विषय को संज्ञान में लिया जाकर ऐसी समितियों के कर्मचारियों/ अधिकारियों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। जिसके पालन में ऐसी 03 समितियों अंधारिया, सोनेगांव एवं डंगारिया के प्रबंधकों को निलंबित किया गया तथा 01 प्रभारी कर्मचारी को सेवा से पृथक करने का नोटिस दिया गया। साथ ही जिले के सभी कृषकों से आग्रह किया गया हुआ शत प्रतिशत ई-विकास पोर्टल पर ई-टोकन के माध्यम से ही खाद प्राप्त करें , ताकि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना में किसानों को लाभान्वित किया जा सके।

### 24 फर्मों के उर्वरक लाइसेंस किए निलंबित

किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक डॉ.आनंद कुमार बडोनिया ने बताया कि 3 अप्रैल को आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 24 खुदरा विक्रेताओं द्वारा उक्त निर्देशों का उल्लंघन कर कुल 94.359 मीट्रिक उर्वरक विक्रय किये जाने पर उक्त फर्मों के उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किये गये है। उप संचालक कृषि डॉ. बडोनिया ने बताया कि शासन के आदेश की अवहेलना किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 (1) तथा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 35 के तहत उक्त कार्यवाही की गई है। उर्वरक वितरण, विक्रय पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

### इन फर्मों के लाइसेंस किए निलंबित

निर्देशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर प्राथमिक सहकारी समिति अंधारिया, सोनेगांव, डंगरिया निजी विक्रेता में परमानंद चंद्र गोपाल खंडेलवाल बडोरा, पीसी खंडेलवाल बैतूल गंज, हरीदास किराना स्टोर चोपना, विक्की ट्रडर्स डोढरामउ,अन्नपूर्णा ट्रेडर्स आमडोह चोपना, रावत कृषि सेवा केन्द्र ढूमुर, कमलप्रसाद दिनानाथ साहू खेड़ली बाजार, वासु खाद भंडार बोरदेही, गोपी साहू कृषि सेवा केन्द्र रतेडाकला, सुमित खाद विक्रय केन्द्र मालेगांव, सूर्यवंशी कृषि सेवा केन्द्र जमदेही कला, वैष्णवी कृषि सेवा केन्द्र मुलताई, दिव्यांशु खाद भंडार बोरदेही, पंकज कृषि सेवा केंद्र चिचोली, गायत्री कृषि सेवा केंद्र चिचोली आदि शामिल हैं।

**बैतूल से गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित**

## गोंदिया स्टेशन पर विकास कार्य,14 यात्री ट्रेनें रद्द




**बैतूल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म 3 (लाइन क्रमांक 5) पर इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन कार्य के कारण अप्रैल माह में 14 यात्री गाडियों को पूरी तरह रद्द और 7 ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त करने की घोषणा की है। इन बदलावों का असर बैतूल स्टेशन से गुजरने वाली छत्तीसगढ़, गोंडवाना और समता एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों पर भी पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से असुविधा से बचने के लिए यात्रा से पहले ट्रेन की वर्तमान स्थिति जांचने की अपील की है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ट्रेन क्रमांक 18237 बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक रद्द रहेगी। इसी तरह, ट्रेन क्रमांक 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 7 अप्रैल से 27 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। इस अवधि में गोंडवाना एक्सप्रेस भी प्रभावित रहेगी। ट्रेन क्रमांक 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस 2, 4, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 और 22 अप्रैल को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन क्रमांक 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 और 24 अप्रैल को निरस्त की गई है। समता एक्सप्रेस भी इन बदलावों से अछूती नहीं रहेगी।

## ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के छात्रों का 8 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

### हरिद्वार में पतंजलि संस्थानों का किया विस्तृत अवलोकन

**बैतूल।** भारत भारती जामठी स्थित ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के द्वितीय वर्ष सत्र 2022-2023 के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा 8 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हरिद्वार स्थित पतंजलि आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, आयुर्वेद अस्पताल एवं आपातकालीन चिकित्सा सेंटर का विस्तृत भ्रमण और अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को हर्बल गार्डन में विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे उन्हें आयुर्वेदिक अध्ययन की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस




शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी आवश्यक अनुमति दिलाने में महाविद्यालय के द्रव्यगुण विभाग के अध्यक्ष डॉ. रमाकांत का विशेष सहयोग रहा। वहीं इस भ्रमण की रूपरेखा आदरणीय अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में तैयार की गई। इस दौरान शिक्षक डॉ. उदय देशमुख एवं डॉ. शशिभूषण साहु भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

## सुधांशु जी महाराज के आगमन से पहले 6 को ध्वज स्थापना पंडाल निर्माण की होगी शुरुआत

**बैतूल।** परमपूज्य श्री सुधांशु जी महाराज के सान्निध्य में 9 से 12 अप्रैल तक होने वाले विराट भक्ति सत्संग से पहले 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे पुलिस ग्राउंड में ध्वज स्थापना की जाएगी। इसी के साथ आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। विश्व जागृति मिशन बैतूल मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन स्थल को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए मंच, पंडाल, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महाराज जी के आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के सदस्य शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हो सकें। कार्यक्रम के तहत 9 अप्रैल को शाम 4:30 बजे शुभारंभ होगा। 10 से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9:00 से 11:30 बजे और शाम 4.30 से 7.00 बजे तक सत्संग एवं प्रवचन होंगे। 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मंत्रदीक्षा का आयोजन किया जाएगा। समिति ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में ध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल हों और 9 से 12 अप्रैल तक आयोजित भक्ति सत्संग को सफल बनाएं।

## स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत जिले की शासकीय शालाओं में अधिकारियों ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान 2026-27 के तहत विविध गतिविधियों के क्रम में शनिवार को शासकीय शालाओं में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा उन्हें शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय स्टाफ ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की, ताकि स्कूल चलें हम अभियान का उद्देश्य सफल हो सके। जनपद आठनेर अंतर्गत माध्यमिक शाला मांडवी में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री अहमद ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहकर निरंतर प्रयास करना चाहिए।

### एसडीएम डॉ. सिंह ने नवप्रवेशित छात्राओं का किया स्वागत

स्कूल चले अभियान के अंतर्गत कन्या शाला में आयोजित कार्यक्रम में बैतूल एसडीम डॉ.अभिजीत सिंह ने उपस्थित होकर समस्त छात्राओं का स्कूल में स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को विषय संबंधित व्यावहारिक कुशलताओं का मार्गदर्शन देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

### एसडीएम श्री कहार ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

स्कूल चलें हम अभियान 2026-27 के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय मुलताई में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुलताई एसडीएम राजीव कहार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम श्री कहार ने छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## संगठन की नब्ज टटोलने जिले में तीन दिनों तक दौरा करेंगे कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा

**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय विनोद डागा 5, 6 और 7 अप्रैल को तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वे बैतूल, भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी और आमला विधानसभा क्षेत्रों में नव नियुक्त ब्लॉक, शहर और मंडल अध्यक्षों की बैठकें लेकर संगठन की स्थिति की सीधी समीक्षा करेंगे। आज रविवार 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैतूल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे गुदगांव पहुंचेंगे। यहां भैंसदेही विधानसभा के भैंसदेही और चिचोली ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक होगी। दोपहर 2 बजे भैंसदेही से रवाना होकर 3 बजे भीमपुर पहुंचेंगे, जहां भीमपुर और दामजीपुरा ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक ली जाएगी। शाम 5 बजे भीमपुर से प्रस्थान कर 6 बजे बैतूल पहुंचेंगे। 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैतूल से निकलकर 11:30 बजे शाहपुर पहुंचेंगे। यहां घोड़ाडोंगरी विस के ब्लॉक, शहर और मंडल अध्यक्षों की बैठक होगी। दोपहर 12:30 बजे शाहपुर से प्रस्थान कर 1:15 बजे आमला पहुंचेंगे, जहां आमला विस के ब्लॉक, शहर और मंडल अध्यक्षों की बैठक होगी। दोपहर 2:15 बजे आमला में सौजन्य भेंट के बाद 3 बजे प्रस्थान कर शाम 4 बजे बैतूल लौटेंगे।

जन्म जयंती, पुण्य स्मरण विशेष

# मैं देवगुरु हूं, देवराज बनाकर मेरा ओहदा मत घटाइए:साहित्यकार पत्रकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा पंडित माखनलाल चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

यह चित्र आपमें से कई लोगों ने कई बार देखा होगा। मूर्धन्य कवि,साहित्यकार, पत्रकार और संपादक पं.माखनलाल चतुर्वेदी को सागर विश्वविद्यालय की मानद डी.लिट.उपाधि प्रदान करने के लिए तबके मूर्धन्य शिक्षाविद व राजनेता पं.द्वारकाप्रसाद मिश्र स्वयं माखनलाल जी के घर गये थे।

पं.मिश्र 'दादा' के चरणस्पर्श कर रहे हैं, तब पूरी विनम्रता के साथ तबके मध्यभारत प्रांत के मुख्य मंत्री भैया साहब मिश्रीलाल जी गंगवाल खड़े दिख रहे है।'पद्मभूषण' दादा माखनलाल जी चतुर्वेदी पर केन्द्रित श्रीकांत जी जोशी की पुस्तक 'यात्रा पुरुष' में संदर्भ है कि 1956 में नये मध्यप्रदेश के बनते ही मुख्यमंत्री की



तलाश शुरु हुई थी।

तबके राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष तीन नाम थे। पं.माखनलाल जी चतुर्वेदी,पं.रविशंकर शुक्ल और पं.द्वारकाप्रसाद मिश्र। तीनों नामों की पर्चियां बनीं और जब उनमें से खुली एक देखी गई तो उसमें माखनलाल जी का नाम था। (पर्चियां तब भी डलती थीं) सारे लोग उत्साह में दौड़े दौड़े 'दादा' के पास पहुंचे और उन्हें इसकी सूचना दी,तो वे पूरे निस्पृह भाव से बोले थे कि- साहित्यकार और शिक्षक होने के नाते मैं 'देवगुरु' हूं।अब आप 'देवराज' बनाकर मेरा ओहदा मत घटाइये। तब पं.रविशंकर शुक्ल का नाम तय हुआ था। गांधी जी 'दादा' की जन्मभूमि बाबई (तबका जिला होशंगाबाद) जाकर उस भूमि को प्रणाम करना चाहते थे।पहली बार इटारसी तक पहुंच कर स्वयं की तबीयत व तवा नदी में आई बाढ़ के कारण नहीं जा पाए थे। दूसरी बार 7 दिसंबर'1933 को सोहागपुर स्टेशन पर उतरकर वे उस भूमि को प्रणाम करने पहुंचे थे। तबका बाबई अब माखन नगर है व होशंगाबाद अब नर्मदापुरम है। दादा माखनलाल जी चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल' 1889 को हुआ था।

## राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती धूम धाम से मनाई






श्री माखनलाल नगर शासकीय महाविद्यालय माखननगर में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती मनाई गई,इस अवसर पर महाविद्यालय में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया तत्पश्चात रैली के रूप में माखन नगर स्थित रामलीला मैदान ,बालाजी मंदिर व नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नगर स्थित प्रतिमा तक पहुंचे ,क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह जी द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया प्राचार्य के साथ सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र गान गाया तथा माखन दादा अमर रहे के नारों से परिसर गूंज गया इसके बाद विधायक महोदय ने साथियों सहित महाविद्यालय परिसर स्थित प्रतिमा पर भी मालार्पण किया। महाविद्यालय मैं जन भागीदारी समिति सदस्य मनीष चतुर्वेदी हर्ष तिवारी सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ,इसके साथ ही प्रो. डी.एस.खत्री ,डॉ.राजकुमार पटवा,प्रो.आई .एस. कनेश, डॉ.मनीष शर्मा, डॉ.आकांक्षा यादव, डॉ .सुमन अवस्थी, प्रो.अजय मेहरा,श्री अमित तिवारी,प्रो.पंकज बैरवा, डॉ. क्षमा मेहरा,सुषमा यादव, डॉ.कविता दुबे , मंजू मेहरा, श्रीमती संध्या गोलियां,अशोक मेहरा,योगेश राजपूत ,जितेंद्र अहिरवार का योगदान सराहनीय रहा। रैली का संचालन कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया तथा अन्य व्यवस्थाएं डॉ.राजकुमार पटवा ने की।

## कांग्रेसियों ने किए दादा माखनलाल चतुर्वेदी को श्रृद्धासुमन अर्पित



**माखननगर।** ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने प्रखर पत्रकार राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती पर प्रतिमा स्थल पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर ने स्थानीय पत्रकार महेंद्र सिंघई उमेश तिवारी प्रदीप शर्मा दीपक शर्मा अरविंद सोलंकी लोकेश चौधरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया कांग्रेस जिन्होंने दादा के जन्म स्थान पर पहुंचकर उनके परिजन ध्रुव कुमार तिवारी का सम्मान किया एवं दादा का स्मरण किया सर्व ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर तुम देना फेक कविता के माध्यम से माखन दादा ने राष्ट्रीय आंदोलन में राष्ट्रवाद की प्रखर अभिव्यक्ति की थी अपनी काव्य साधना को राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बनाकर शाब्दिक राष्ट्रवाद का पर्याय बनाया था उनकी साहित्य साधना पत्रकारिता लेखन के उच्च मानदंड वर्तमान पीढ़ी को सीखने की प्रेरणा देते हैं, उन्होंने अपने युग धर्म का सच्चे अर्थों में अपनी काव्य साधना के माध्यम से पालन करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य की आंख में आंख डालकर आईना दिखाया था दादा समाजवादी राष्ट्रवाद के प्रतीक माने जाते है कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### सोहागपुर विधायक बने संकल्प समिति सभापति



**सोहागपुर।** सोहागपुर विधानसभा विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह को मप्र विधानसभा की गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों एवं संकल्प संबंधी समिति का सभापति बनाया गया है। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि विधायक महोदय की सभापति पद पर नियुक्ति से भाजपाईयों में हर्ष है। सरोज ने कहा कि विधायक के अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा। इस नियुक्ति पर समस्त भाजपाईयों ने विधायक विजयपाल सिंह को शुभकामनाएं दी हैं।

### गुड फ्राइडे पर फ्रेंड्स चर्च में विशेष प्रार्थना

**सिवनी मालवा।** में गुड फ्राइडे के अवसर पर फ्रेंड्स चर्च में शोक एवं शांति सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ईसाई समाज के विश्वासी उपस्थित रहे और प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।

## बेमौसम बारिश ने किसानों के चेहरे पर खींची चिंता की लकीरें

# चिलचिलाती गर्मी के बीच बारिश ने घोल दी फिजाओं में ठंडक,सैलानी हुए निहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी इन दिनों पर्यटकों के लिए स्वर्ग बना हुआ है। जहां पूरा प्रदेश अप्रैल की तपती गर्मी और लू की चपेट में आने की तैयारी कर रहा है, वहीं पचमढ़ी में हो रही बेमौसम बारिश ने मौसम को बेहद खुशनुमा बना दिया है। गर्मी से राहत पाने पहुंचे सैलानियों के लिए यह बारिश किसी अनचाहे उपहार से कम नहीं है।

आमतौर पर सैलानी अप्रैल के महीने में पचमढ़ी के कम तापमान का लुत्फ उठाने आते हैं, लेकिन इस बार मौसम के बदले मिजाज ने उन्हें अचंभित कर दिया है। दिन के समय हो रही हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के कारण पर्यटकों को धूप की तपन महसूस नहीं हो रही है। सैलानी बिना किसी परेशानी के बी-फॉल, जटाशंकर और धूपगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों पर घूम रहे हैं। बादलों की लुका-छिपी और पहाड़ियों पर छाई धुंध ने



पचमढ़ी की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। एक पर्यटक ने बताया कि हम यहां गर्मी से बचने आए थे, लेकिन यहां का नजारा तो मॉनसून जैसा है।

### क्यों हो रही है बारिश?

विशेषज्ञों के अनुसार, पचमढ़ी में इस समय हो रही बारिश के पीछे तीन मुख्य भौगोलिक कारण जिम्मेदार है। स्थानीय संवहन दिन में तेज धूप के कारण पहाड़ियों की हवा गर्म होकर ऊपर उठती है, जो ऊंचाई पर जाकर ठंडी होती है और शाम तक गरज-चमक के साथ बारिश का कारण बनती है। एसटीआर का हिस्सा होने के कारण यहाँ साल के पेड़ों के घने जंगल हैं। एक तरफ जहां पचमढ़ी में सैलानी इस मौसम का आनंद ले रहे हैं, वहीं प्रदेश के अन्य हिस्सों में इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अप्रैल के महीने में फसल कटाई और उपार्जन का काम जोरों पर होता है, ऐसे में अचानक बारिश और ओलावृष्टि से खेती-किसानी पर बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### बेमौसम तेज हवा से झड़े आम वृक्षों के बोर



**सोहागपुर।** गत दिनों क्षेत्र में चली तेज हवा, अंधड़ की स्थिति तथा गत माह दो दिन हुई तेज बारिश ने आम उत्पादन पर असर डाला है। आम उत्पादकों तथा आम बगीचा मालिकों के अनुसार इस अनचाहे मौसमी बदलाव से आम के वृक्षों पर लदे बोर बहुत अधिक मात्रा में झड़ गए हैं। अधिकतर वृक्ष कैरियों से आच्छादित होने की प्रारंभिक स्थिति में थे। हवा से कैरियां भी बड़ी मात्रा में झड़ गई हैं। जिसका असर आम उत्पादन पर पड़ सकता है। इस वर्ष आम की अच्छी आमद पर इस मौसमी बदलाव का प्रभाव पड़ेगा।

## पुलिस ने लौटाया गुम मोबाइल यात्री ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक के गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पथरोटा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से हैदराबाद निवासी एक यात्री का करीब 45 हजार रुपये कीमत का कीमती मोबाइल खोज निकाला और शनिवार को उसे सुरक्षित सुपुर्द किया।

एसडीओपी इटारसी वीरेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन एवं पथरोटा थाना प्रभारी मोनिका गौर के निर्देशन में पुलिस टीम लगातार गुमशुदा मोबाइलों की ट्रैकिंग कर रही थी। इसी क्रम में हैदराबाद तेलंगाना निवासी मुशर्रफ खान का ट्रेन यात्रा के दौरान गुम हुआ मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया। इस



मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 44,650 रुपए बताई जा रही है।

फरियादी मुशर्रफ खान को पथरोटा थाने बुलाकर आरक्षक धर्मेंद्र कुचबंदिया और आकाश ने मोबाइल विधिवत रूप से फरियादी के सुपुर्द किया। अपना कीमती फोन वापस पाकर तेलंगाना निवासी मुशर्रफ खान ने नर्मदापुरम पुलिस और पथरोटा थाना स्टाफ की कार्यप्रणाली की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

### मामूली सी बात पर विवाद, मामला दर्ज

**इटारसी।** रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया खुर्द में भूसा मशीन से भूसा बनाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में कार्रवाई की है। विवाद के दौरान आरोपी शिवकुमार ने फरियादी हितेश को मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी हितेश की रिपोर्ट पर आरोपी शिवकुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, मनाया गया गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रखर पत्रकार राष्ट्रकवि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती माखन नगर गौरव दिवस के रूप में मनाई गई माखन दादा प्रतिमा स्थल पर आकर्षक लाइटिंग साज सज्जा की गई आतिशबाजी की गई सुबह मंगलवारा बाजार से रैली निकाली गई जिसमें हाथ में तिरंगा लेकर विधायक विजयपाल सिंह नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष निकुंज लता गुरु नगर के पार्षद सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी महाविद्यालय पीएम श्री विद्यालय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती नीता चौबे के के दुबे निधीश गुरु महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा शामिल हुए

माखन दादा की प्रतिमा पर



पहुंचकर विधायक एवं अतिथियों ने दादा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

### वाचनालय का किया भूमि पूजन

दादा के जन्म स्थान पर वाचनालय निर्माण किया जाएगा विधायक एवं जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने दादा के निवास पर पहुंचकर परिजनों का सम्मान किया एवं विधायक विजयपाल सिंह ने वाचनालय का भूमि पूजन किया

इस अवसर पर लोक निर्माण सभापति पार्षद प्रिया सुरेंद्र मालवीय अभिषेक मिश्रा सेनानी परिवार के दीपक वर्मा अजीत सेठी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी ने बताया पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की स्मृति अच्छुन रहे इसके लिए उनकी स्मृति में 33 लाख रुपए की लागत से वाचनालय निर्माण किया जा रहा है।

इस वाचनालय में दादा का साहित्य एवं उनके लिखे लेख कविताएं नगर वासी एवं युवा पीढ़ी के लिए उपलब्ध रहेगी जिससे युवा उनके विचारों से प्रेरणा ले सकेंगे शाम को प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्वलित किए गए रात्रि में गौरव दिवस पर विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा हास्य सम्राट शशिकांत यादव वीर रस नीलोत्पल मृणाल रमेश विश्वहार हास्य कवि दिनेश देसी अपनी कविता पाठ करेंगे

## विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का दौरा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

क्षेत्र में पदस्थ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी सोहागपुर वी आर सी राकेश रघुवंशी चैन सिंह पटेल एवं अन्य शिक्षक की टीम के द्वारा सांडिया के उच्च माध्यमिक विद्यालय के अलावा कुछ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया गया।

बताया गया कि शासकीय विद्यालयों के निर्माण और मरम्मत कार्य की समीक्षा की जा रही है। मौके पर लगातार निरीक्षण किया गया है।लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश अनुसार समग्र शिक्षा अभियान,पी एम श्री योजना , राज्य भवन योजना, अंतर्गत स्वीकृत नवीन भवन निर्माण कार्यों एवं पुराने भवनों के अनुरक्षण मरम्मत कार्य की समीक्षा की जा रही है। आने वाले समय में संचालक एवं जिला




अधिकारी के द्वारा भी समीक्षा की जावेगी।

2 अप्रैल 2026को वेवीनारमे निर्देश दिए गए हैं। विगत 3 वर्ष में स्वीकृत सभी कार्य शामिल हुए हैं। भविष्य को लेकर भी सरकारी बच्चों को पढ़ाने पर कोई योजना भी लागू हो रही है। शायद इसलिए भी अधिकारी गांव में घूम रहे हैं।

## विद्यालयों के निर्माण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा 15 से होगी, डीपीआई ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री योजना राज्य भवन योजना अंतर्गत स्वीकृत नवीन निर्माण कार्यों एवं पुराने भवनों के अनुरक्षण मरम्मत कार्यों की संभागवार समीक्षा होगी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा 2 अप्रैल 2026 को आयोजित वेवीनार में दिए गए निर्देशों के अनुसार यह समीक्षा 15 अप्रैल 2026 से संभाग बार आयोजित की जाएगी समीक्षा में विगत 3 वर्षों में स्वीकृत सभी प्रकार के निर्माण कार्य शामिल होंगे समीक्षा में शामिल कार्यों के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नवीन



विद्यालय और सुद्धणी करण कार्य राज्य योजना मद से स्वीकृत नवीन निर्माण, पीएम श्री योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य राज्य योजना मद से कराए गए भवन मरम्मत लघु निर्माण कार्य संबंधी निर्देश दिए गए हैं।

अपर संचालक डॉ मनीष वर्मा ने निर्देशित किया गया है कि सभी जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयकऔर सहायक यंत्री अपने-अपने जिलों में प्रत्येक निर्माण और मरम्मत कार्य का जिला और विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग और सत्यापन करें इसके उपरांत प्रत्येक कल का प्रस्तुतीकरण तैयार किया जाएगा समीक्षा की तिथियां संबंधित संभाग मुख्यालय द्वारा प्रतीक से निर्धारित कर सूचित की जाएगी।

अपर संचालक में स्पष्ट किया है कि इस निर्देश का पालन न करने की स्थिति में जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

## सार्वजनिक नाली को किया गया बंद मुख्य मार्ग पर शासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के बार्ड क्रमांक 4 वी वी गिरी वार्ड में पार्षद अभिषेक दुबे के मकान के पीछे से जाने वाली नाली निर्माण कार्य हो चुका है। अनेकानेक वर्ष पुरानी है। जो लगभग 12 फिट चौड़ी थी। लेकिन अभी वर्तमान में मुख्य मार्ग पचमढ़ी रोड से लगी हुई है। जिसके दौनो तरफ अतिक्रमण बढ़ रहा है। यहां पर पूर्व पार्षद ललिता पूरविया का भी मकान है। लेकिन अभी तक शासन मौन है।

नगरपालिका परिषद के द्वारा संबंधित सभी को कोई नोटिस जारी नहीं किए गए हैं। मुख्य प्रारंभ में शर्मा होटल बाले मधु शर्मा के परिवार ने पूरी नाली को बन्द कर दिया गया है। अभी वर्तमान में वहां पर व्यूटी पार्लर खोल लिया गया है। गेट भी नाली पर कर दिया गया है, तथा कबाड़



इकट्ठा कर दिया गया है। जिसमें लोग उसका उपयोग नहीं कर पाए। आसपास के दुकानदारों को परेशानी हो रही है। लेकिन अभी वर्तमान में उस पर भी अतिक्रमण हटाया नहीं गया है। इस बारे में पार्षद अभिषेक दुबे ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अवगत कराया गया है। शीघ्र ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# कार्यक्षमता में सुधार लाने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी कार्यान्वयन और क्षेत्रीय कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पंचायती राज मंत्रालय के तत्वावधान में पचमढ़ी में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के पंप ऑपरेटरों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पचमढ़ी द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य केंद्र 'वॉल्व ऑपरेटर और पंप ऑपरेटर' की कार्यक्षमता में सुधार लाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को



### प्रशिक्षण शिविर की मूल बातें

- **तकनीकी कौशल:** पंप और वॉल्व के संचालन की आधुनिक तकनीकें और रख-रखाव।
- **क्षेत्रीय सक्षमता:** ग्रामीण क्षेत्रों में जल वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशिक्षण।
- **प्रमाण पत्र:** अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण गाँवों को जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में पंप ऑपरेटरों की भूमिका है।

### किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरा, झूठे मुकदमों का आरोप

**सिवनी मालवा।** में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए। प्रेसवार्ता का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बल्लू रघुवंशी ने किया। प्रवीण बल्लू रघुवंशी ने कहा कि किसान आज आर्थिक संकट से गुजर रहा है। उसे फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, वहीं खाद-बीज के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान किसान कांग्रेस शिवपुर ब्लॉक अध्यक्ष बंटी वर्मा और सिवनी मालवा किसान कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव ने भी अपनी बात रखते हुए किसानों को समय पर सिंचाई, समर्थन मूल्य और कर्ज राहत देने की आवश्यकता बताई।

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजय पटेल ने आरोप लगाया कि पूरे जिले में सबसे अधिक एफआईआर सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में दर्ज की गई हैं, जो चिंताजनक है।

## बिजली समस्या को लेकर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं सिवनी मालवा से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे अजय पटेल ने क्षेत्र में लगातार बनी हुई बिजली समस्या और किसानों की परेशानियों को लेकर विद्युत केंद्र सिवनी मालवा पहुंचकर बिजली विभाग के एई एवं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने की स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराया। अजय पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। अजय पटेल ने कहा कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसानों और आम जनता के हित में आगे आंदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आज शहर में बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** शहर में रविवार को कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कुल 4 घंटे के लिए होगी। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार, 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर की सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। यह नई बस बार और कंडक्टर स्ट्रिंगिंग तथा सीटी बदलने के कार्य के कारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 11 केवी ग्वालनगर और सब्जी मंडी फीडर पर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर रखने के कारण भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। इन फीडरों पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक दो शिफ्ट में बिजली बंद रहेगी। इस कटौती से सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक विहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड, खेड़ीपुरा, कुलहरदा, विकास नगर, ग्वालनगर, सिद्धिविनायक रेसीडेंसी, साई आर्य, बीबी सिटी, जोशी कॉलोनी, बस स्टैंड, गुर्जर बोर्डिंग और रेलवे स्टेशन सहित कई क्षेत्र प्रभावित होंगे।

### तीन वाहनों की टक्कर तीन लोग घायल

**हरदा।** जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में तीन वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में जयस जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सुचार और जयस महिला शक्ति जिलाध्यक्ष सुमित्रा चौहान सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक बाइक सवार युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह दुर्घटना हरदा जिले के चारुवा-मोरगढी मार्ग पर जटपुरा फाटे के पास हुई। यहां एक कार, एक पिकअप वाहन और एक बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। घायलों को तत्काल खिरकिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जुनापानी निवासी बाइक चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप वाहन का चालक सुरक्षित बताया गया है। जयस जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सुचार ने बताया कि वे और महिला शक्ति जिलाध्यक्ष सुमित्रा चौहान कार से छीपाबड़ थाने से दामजीपुरा जा रहे थे। मोरगढ़ी के पास गेहूं से भरी एक पिकअप गाड़ी ने उनकी कार को ओवरटेक करते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद उनकी कार भी पिकअप से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोटें आई हैं।

### तीन वर्षीय बालिका की सर्पदंश से मौत

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी छीपानेर में एक तीन वर्षीय बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में बालिका के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम छोटी छीपानेर निवासी नितेश उइके की पत्नी सीमा बाई और उनकी तीन साल की बेटी नावण्या उइके जमीन पर सो रही थीं। रात करीब 10:30 बजे एक जहरीले सांप ने बालिका के बाएं हाथ की हथेली पर डंक मार दिया। बेटी के रोने की आवाज सुनकर मां सीमा बाई की नींद खुली। उन्होंने देखा कि एक सांप वहां से जा रहा था। इसके बाद, उन्होंने तुरंत बालिका को अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने से लगभग पांच मिनट पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतका नावण्या अपने तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी।

### गेहूं भंडारण के सत्यापन के लिए जांच दल गठित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। रबी उपार्जन वर्ष अंतर्गत अन्य जिलों में खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों पर खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व एवं बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं भंडारित करने का प्रकरण प्रकाश में आया है। कलेक्टर द्वारा जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों में खरीदी से पहलभण्डारण का भौतिक सत्यापन करने अधिकारियों के जांच दल गठित किए गए हैं।

---

### शासकीय शालाओं में 'स्कूल चले हम' अभियान 2026-27 का आयोजन

# 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम में अफसरों ने बच्चों को सफलता के सूत्र सिखाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी 'स्कूल चले हम' अभियान 2026-27 के तहत शनिवार को जिले भर की शासकीय शालाओं में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत जिले के प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए आवंटित स्कूलों में विद्यार्थियों की क्लास ली। कार्यक्रम के तहत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्कूलों में पहुँचकर बच्चों के साथ सीधा संवाद किया।

अधिकारियों ने न केवल छात्रों को पाठ पढ़ाए, बल्कि अपने जीवन के प्रेरणास्पद प्रसंग, सफलता की कहानियाँ और संघर्ष के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बच्चों को बताया कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और लगन ही सफलता की असली कुंजी है। कार्यक्रम के तहत संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा ने शासकीय माध्यमिक शाला रूपीपरेटिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने ने शासकीय माध्यमिक शाला रेलवा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसनगांव, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल ने शासकीय प्राथमिक शाला उड़ा, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया ने शासकीय हाई स्कूल पलासनेर, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय खिरकिया में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाले अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ एक अतिरिक्त लैंग्वेज भी सीखना चाहिए। विभिन्न एआई सॉफ्टवेयर जैसे चेट जीपीटी, जेमीनी पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में सॉफ्टवेयर मनुष्य की सॉफ्ट स्किल को रिप्लेस कर सकते हैं परंतु हार्ड स्किल को केवल एक मनुष्य ही कर सकता है इसलिए हार्ड स्किल को सीखना आवश्यक है। आने वाला समय टेक्नोलॉजी से परिपूर्ण होगा जिसमें विद्यार्थियों को अपने चारों ओर की टेक्नोलॉजी से अवगत भी होना पड़ेगा।

#### खिरकिया में कार्यक्रम आयोजित

### अनुशासन और मेहनत ही सफलता की असली कुंजीः एसडीएम



खिरकिया। शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवांगी बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप रिछारिया, बीएसी जय नारायण कलम विद्यालय के प्राचार्य मिश्रीलाल मालवीय एवं सुनील सोंधिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व एसडीएम शिवांगी बघेल कक्षा में पहुंचीं और बच्चों से आत्मीय संवाद की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में संवाद किया, जिससे बच्चों में खुलकर अपनी बात रखने का आत्मविश्वास बढ़ा। इसके पश्चात उन्होंने कक्षा में शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाया। साथ ही अपने अनुभव साझा कर जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उन्होंने छात्र मुरली प्रजापत एवं बेंजोमेन से विशेष संवाद किया, उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सरल एवं प्रेरणादायक उत्तर दिया तथा उन्हें अपने भविष्य के प्रति सजग और मेहनती बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया तथा चॉकलेट बांटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। एसडीएम शिवांगी बघेल ने कहा सफलता पाने के लिए अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और पूरी ईमानदारी से प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप रिछारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा मजबूत शैक्षणिक आधार ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। पढ़ने-लिखने की आदत और निरंतर अभ्यास से ही विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे और सभी ने अतिथियों के विचारों से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन अंकित अवस्थी ने किया। अंत में प्राचार्य मिश्रीलाल मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

---

#### जनसेवा को समर्पित समाधान दिवस

## पूर्व मंत्री ने लोगों की समस्या सुनकर निराकरण किया



**▶▶ नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को लेकर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से हरदा में आयोजित "समाधान दिवस" कार्यक्रम में जनविश्वास का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला।

शनिवार को कमल कुंज स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित इस सेवा दिवस में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि एवं कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने स्वयं उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। कमल पटेल ने प्रत्येक व्यक्ति से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कई प्रकरणों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया, वहीं अन्य जटिल मामलों के लिए विधिवत आवेदन प्राप्त कर शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राशन कार्ड में सुधार, आधार कार्ड संशोधन, बीपीएल सूची में नाम शामिल करने, सिंचाई सुविधाओं, रोजगार संबंधित मुद्दों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ से जुड़े अनेक प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। श्री पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्य करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शासन और जनता के बीच सीधे संवाद को सशक्त बनाने का कार्य किया, जिससे लोगों में विश्वास और संतुष्टि का वातावरण निर्मित हुआ।

---

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था, कोर्ट ने किया दोषमुक्त




**हरदा।** एक पीडिता ने शादी का झासा देकर, गलत कार्य करने का आरोप लगाया था। इसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषमुक्त कर दिया गया। अधिवक्ता प्रवीण सोनी ने बताया कि महिला पुलिस थाना हरदा के अपराध क. 32/2025 धारा 69 बी.एन.एस का आरोप लगाते हुए पीता के द्वारा एक लिखित शिकायत दिनांक 19 मई 25 से दिनांक 6 जून 25 की घटना बताते हुए लिखित शिकायत 5 जुलाई 2025 को की थी। जिसमें पीड़िता द्वारा आरोपी के उपर यह आरोप लगाए गए थे कि आरोपी एव पीड़िता दोनो के मध्य पूर्व में शादी की बातचीत हुई थी तथा शादी का झासा देकर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ गलत कार्य किए गए। आरोपी ने पीडिता से शादी करने से इनकार कर दिया। जिस पर से महिला थाना के द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिस पर से आरोपी के विरूद्ध विवेचना पूर्ण होने के उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी के विरूद्ध विचारण न्यायालय के समक्ष अभियोजन की और से अभियोजन साक्षी को प्रकरण में प्रस्तुत किया गया। सोनी ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध यह आरोप थे कि आरोपी ने पीड़िता को शादी का झासा देकर उसके साथ गलत संबध बनाए थे। इस संबध मे न्यायालय द्वारा न्यायालय मे प्रस्तुत संपूर्ण साक्षियो के कथनो की सूक्ष्मता से जांच करते हुए यह पाया कि आरोपी के विरूद्ध अभियोजन के द्वारा जो प्रकरण न्यायालय के समक्ष पेश किया है तथा साक्षियों के कथनों के आधार पर, अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे सिद्ध नही कर पाया है। इसी आधार पर आरोपी को संदेह का लाभ देकर, हरदा न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषमुक्त किया गया। आरोपी की और से प्रकरण की पैरवी प्रवीण कुमार सोनी अधिवक्ता के द्वारा की गई।

---

### जन्म स्थली कोठड़ा में आदिवासी समुदाय को संबोधित किया

## शहीद टंटिया मामा के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरतः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है और हमें अमर शहीद टंटिया मामा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने एवं मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के कैंसर को जड़ से समाप्त करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि देश में मध्यप्रदेश इस समुदाय की बहनों के साथ बलात्कार के मामले में प्रथम है। वहीं, सभी क्षेत्रों में इस वर्ग के बेटे-बेटियों के साथ अन्याय और शोषण हो रहा है। वे शनिवार को टंटिया मामा की जन्म स्थली कोठड़ा में भारी संख्या में उपस्थित आदिवासी समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 25 साल में उन्हें 40 प्रतिशत वनभूमि के पट्टे नहीं दे सकी है। इससे यह स्पष्ट है कि यह सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में अक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार 1 लाख 26 हजार बेकलाग पदों पर इस समुदाय के बेरोजगार युवक-युवतियों को नियुक्ति नहीं दे रही है। आपने कहा कि इन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है और बजट की 70 प्रतिशत धनराशी भी सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि टंटिया मामा यूनिवर्सिटी केवल नाम की ही है और इसका लाभ भी उनके वंशजों एवं अन्य जरुरतमंदों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने सभी से हाथ उंचा उठाकर इसकी पुष्टि भी कराई और पूछा कि यहां ऐसे कितने लोग हैं,जिनके बच्चे खरगोन या इंदौर में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। कितने परिवार के बेटे-बेटियों को नौकरी मिली है और बेरोजगार दर-दर भटक रहें हैं। उन्हें छात्रवृत्ति नहीं मिलती और छात्रावास भवन जर्जर पड़े हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिल रहा है और मंडियों में उनकी उपज तौली नहीं जा रही है। जबकि सहरारी संस्थाएं उनसे वसूली के लिए दबाव बना रही है। उन्होंने मध्यप्रदेश से भ्रष्टाचार के केंसर को जड़ से समाप्त करने का आव्हान किया। उन्होंने खरगोन में स्थापित टंटिया मामा प्रतिमा मामले का भी जिक्र किया और कहा कि पंचायतों से लेकर प्रदेश और देश में कांग्रेस को आशीर्वाद देने का आव्हान किया। जिससे प्रधानमंत्री पद पर राहुल गांधी की ताजपोशी की जा सकेगी और सभी की भलाई के कार्य हो सकेंगे। सर्वप्रथम वे मामा के मंदिर में गए और माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में उनके वंशजों का शाल, श्रीफल भेंट कर साफे बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर भीकनगांव विधायक झुमा सोलंकी,पर्व मंत्री विजया लक्ष्मी साधो,विधायक केदार डावर ने भी सम्बोधित किया। आभार उनके वंशज सुनील सिरसाठे ने व्यक्त किया।

---

## सूदखोरी से तंग आकर युवक ने खाया जहर, वीडियो हुआ वायरल



**भैरुंदा।** जिले के भेरूंदा क्षेत्र में सूदखोरी का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने सूदखोरों की प्रताडऩा और धमकियों से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कदम उठाने से पहले युवक ने एक भावुक वीडियो भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी आपबीती सुनाते हुए तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

वायरल वीडियो में युवक की पहचान अशोक राठौर के रूप में हुई है। युवक ने आरोप लगाया कि उसने अपनी जरूरतों के लिए 40 हजार रुपये 20 प्रतिशत के भारी ब्याज पर उधार लिए थे। युवक का कहना है कि वह लगातार कर्ज चुकाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन सूदखोर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।



**वीडियो में गटका जहर, अस्पताल में हालत गंभीर**

सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो के अंत में युवक एक शीशी से कोई जहरीला पदार्थ पीते हुए दिखाई दे रहा है। जहर खाने के बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे आनन फानन में भेरूंदा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाम 7 बजे उसे सीहोर रेफर कर दिया। रात लगभग 9 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उसका उपचार जारी है।

#### हाथ-पैर तोड़ने की धमकी

अशोक ने वीडियो में अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि आरोपियों ने उसे सरेआम अपमानित किया। उसका दावा है कि दो बार एक ढाबे पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और सरेराह गालियां दी गईं। आरोपी उसे लगातार फोन पर और मिलकर हाथ-पैर तोडऩे की धमकी दे रहे थे, जिससे वह बुरी तरह डर गया था। इधर इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। भेरूंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है, लेकिन फिलहाल इसकी आधिकारिक सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

---

### विद्यार्थियों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में संस्कार मंच की ओर से अनेक विद्यार्थियों ने आश्रम में पहुंचकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों के साथ बातचीत की। इस मौके पर एमबीबीएस में अध्ययनरत शुभम मोगरे, हर्ष नामदेव और विष्णु सोनकर आदि शामिल थे। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि वृद्घों की सेवा ही सबसे बड़ा परोपकार है।

### किसानों को जल प्रबंधन की जानकारी दी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जिले में विकासखण्ड स्तर पर जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। सहायक संचालक जगदीश मुजाल्दा ने बताया कि ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत ग्राम कोठरी के किसान प्रमोद कासनिया एवं किसान आनन्द कासनिया को जानकारी दी गई।

---

#### मुनादी कर जनता को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधरोपण करके ली जल और प्रकृति संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

**पौधारोपण कर ली जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ :** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधनी नगर परिषद द्वारा बुधनी के अदालत कालोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और नागरिकों ने पौधारोपण किया और जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ ली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भैरूंदा नगर परिषद द्वारा जागरूकता वाहन के माध्यम से नगर के सभी वार्डों में मुनादी कराकर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही जल एवं प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई।



**ध्यान लगाया और ली जल**



**संरक्षण की शपथ :** जन अभियान परिषद एवं सुपर विजन सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा अभियान के तहत सीवन नदी पर जल संरक्षण के उद्देश्य से ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्यों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने ध्यान लगाया, नदी किनारे साफ-सफाई की और जल संरक्षण की शपथ भी ली।